प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 27.03.2026 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. **केंद्र सरकार ने पेट्रोल–डीजल पर केंद्रीय उत्पाद शुल्क में 10 रुपये प्रति लीटर की कटौती की, इस फैसले से उपभोक्ताओं को मिलेगी राहत।**
2. **पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा है कि देश में लॉकडाउन की अफवाहें पूरी तरह निराधार हैं, सरकार के पास ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है।**
3. **रामनवमी के अवसर पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्यवासियों को दी शुभकामनाएं, कहा– श्री राम हम सभी के आदर्श।**
4. **राज्य के वित्त रहित हाई स्कूल, इंटर कॉलेज, मदरसा और संस्कृत स्कूलों को मिलेगा 47 करोड़ रुपये का अनुदान, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने जारी किया पत्र।**
5. **खेलो इंडिया जनजातीय खेल के तीसरे दिन आज फुटबॉल के महिला वर्ग के ग्रुप स्टेज मुकाबले में झारखंड ने असम को एक के मुकाबले नौ गोलों से हराया।**

****

केंद्र सरकार ने घरेलू खपत के लिए पेट्रोल और डीजल पर केंद्रीय उत्पाद शुल्क में दस रुपये प्रति लीटर की कटौती की है। सोशल मीडिया पोस्ट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा कि यह निर्णय पश्चिम एशिया संकट के बीच लिया गया है। उन्होंने कहा कि इससे उपभोक्ताओं को बढ़ती कीमतों से राहत मिलेगी।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज शाम पश्चिम एशिया संघर्ष पर वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से बातचीत करेंगे और राज्य की तैयारियों और योजनाओं की समीक्षा करेंगे। सूत्रों के अनुसार बैठक में टीम इंडिया की भावना से समन्वित प्रयासों को सुनिश्चित करने पर जोर दिया जाएगा।

****

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने आज स्पष्ट किया कि भारत में लॉकडाउन की अफवाहें पूरी तरह से झूठी हैं और सरकार के विचार में ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है। सोशल मीडिया पोस्ट पर श्री पुरी ने कहा कि वैश्विक स्थिति में लगातार बदलाव हो रहे हैं, ऐसे में सरकार ऊर्जा, आपूर्ति श्रृंखलाओं और आवश्यक वस्तुओं पर वास्तविक समय के आधार पर बारीकी से नजर रख रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि नागरिकों के लिए ईंधन, ऊर्जा और अन्य महत्वपूर्ण आपूर्तियों की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

****

राज्य के वित्त रहित हाइस्कूल, इंटर कॉलेज, मदरसा और संस्कृत स्कूलों को वित्तीय वर्ष 2025–26 में 47.26 करोड़ रुपये का अनुदान मिलेगा। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने इस संबंध में पत्र जारी कर दिया है। इस वर्ष अनुदान के लिए कुल 523 स्कूल, कॉलेज, मदरसा और संस्कृत विद्यालयों ने आवेदन जमा किया था। इसमें 300 शिक्षण संस्थानों का चयन अनुदान के लिए किया गया है। जबकि, 223 संस्थानों का आवेदन अलग–अलग कारणों से अस्वीकृत कर दिया गया। इसमें अधिकतर ऐसे संस्थान हैं, जिनके द्वारा आवश्यक कागजात जमा नहीं किया गया था।

****

असम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन समेत झामुमो के सभी 21 स्टार प्रचारकों का चुनाव प्रचार अभियान 28 मार्च से शुरू होगा। असम में झामुमो प्रत्याशियों को सिंबल आवंटित हो चुका है। कुल 18 प्रत्याशी मैदान में हैं। झामुमो ने कुल 21 सीटों पर प्रत्याशी उतारा था। स्क्रूटनी में तीन प्रत्याशियों का नामांकन रद्द हो गया।

****

रामनवमी के अवसर पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्यवासियों को शुभकामनाएं दीं है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन रांची के तपोवन स्थित राम जानकी मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने कहा कि श्री राम हम सभी के आदर्श हैं।

****

रामनवमी शोभायात्रा को लेकर आज राजधानी रांची की ट्रैफिक व्यवस्था में व्यापक बदलाव किये गये हैं। आज कई मार्गों पर सामान्य वाहनों के परिचालन पर रोक रहेगी। एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड और पुलिस वाहनों को सभी प्रतिबंधित मार्गों पर निर्बाध आवागमन की अनुमति है।

इधर, धनबाद जिले में रामनवमी को लेकर जिले के उपायुक्त आदित्य रंजन ने आम नागरिकों से सहयोग की अपील की है।

****

घरेलू शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक डेढ़ प्रतिशत से अधिक की गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। अंतिम रिपोर्ट के अनुसार, सेंसेक्स एक हजार दो सौ अंक लुढ़ककर 74 हजार 73 अंक पर और निफ्टी तीन सौ 55 अंक की गिरावट के साथ 22 हजार नौ सौ 51 अंक पर आ गया।

****

रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने का भाव लगभग एक लाख 37 हजार रुपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी दो लाख 45 हजार रुपये प्रति किलोग्राम है।

****

रांची के पिठोरिया थाना क्षेत्र स्थित ग्रिड सब स्टेशन डकैती कांड का पुलिस ने खुलासा करते हुए सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ग्रामीण एसपी प्रवीण पुष्कर ने बताया कि आरोपियों ने कर्मचारियों को बंधक बनाकर लाखों रुपये का कॉपर लूट लिया था।

****

छत्तीसगढ़ में चल रहे खेलो इंडिया जनजातीय खेल के तीसरे दिन आज रायपुर मे स्विमिंग, वेटलिफ्टिंग, हॉकी और फुटबॉल के मुकाबले हो रहे हैं।

आज सुबह फुटबॉल के महिला वर्ग के ग्रुप स्टेज मुकाबले में झारखंड ने असम को एक के मुकाबले नौ गोलों से हरा दिया है। वही, एक अन्य मैच में गुजरात ने आंध्र प्रदेश को शून्य के मुकाबले 25 गोलों से मात दी है।

खेलो इंडिया जनजातीय खेल में 30 राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों के तीन हज़ार से अधिक खिलाड़ी हिस्सा ले रहे है।

**********समाप्त**********